Virtual Schools

फ़रवरी 2021

TDSB एलिमेंटरी वर्चुअल स्कूल फैमली न्यूज़लेटर

जैसा कि हम सभी इस चुनौतीपूर्ण समय को नेविगेट करना जारी रखते हैं, हम आशा करते हैं कि सभी ने फैमली डे के लौंग वीकएंड का आनंद लिया और उन्हें आराम करने का और कुछ समय एक साथ बिताने का अवसर मिला।

एलिमेंट्री वर्चुअल स्कूल में छात्र और कर्मचारी, वर्चुअल वातावरण का अधिकतम लाभ उठाने के तरीकों से पढ़ाना और सीखना जारी रखते हैं। प्रत्येक बीतते महीने के साथ, हम कक्षाओं में होने वाले नए और रचनात्मक सीखने के अवसरों और गतिविधियों के बारे में सुनते हैं।

इस महीने हमने एलिमेंटरी वर्चुअल स्कूल में कुछ नए छात्रों का स्वागत किया और आशा है कि हर कोई इसमें सैटल हो रहा है, सहपाठियों के साथ जुड़ रहा है, और अपनी वर्चुअल क्लास का आनंद ले रहा है।

अधिक जानकारी और अपडेटों के लिए, कृपया देखें www.tdsb.on.ca/virtualschool और ट्विटर पर @tdsbvs पर फॉलो करें।

कोविड के दौरान सामना करना

11 फरवरी को, परिवार महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर चर्चा करने के लिए TDSB मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों से जुड़े। यहां वेबकास्ट पर रिकॉर्डिंग देखें।

वर्चुअल स्कूल ने मनोविज्ञान और सामाजिक कार्य पेशेवरों के साथ एक सामुदायिक वेबिनार भी आयोजित किया, जिसमें तनाव से जूझना, शारीरिक गतिविधि सुनिश्चित करना, स्क्रीन समय का प्रबंधन करना आदि जैसे विषयों पर चर्चा की गई। यहाँ एक रिकॉर्डिंग देखें!

वर्चुअल ड्रॉप-इन के लिए हमसे जुड़ें!

टीडीएसबी प्रोफेशनल सपोर्ट सर्विसिज़ के कर्मचारियों से सीधे जुड़ें। प्रश्न पूछें और अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन कैसे करना है के बारे में उत्तर प्राप्त करें।

मंगलवारों को, सुबह 10 से 11 बजे
गुरुवारों को शाम 7 से 8 बजे

मार्च ब्रेक की तारीखों में बदलाव

पब्लिक हैल्थ अधिकारियों की सलाह पर, शिक्षा मंत्रालय ने कोविड-19 के सामुदायिक प्रसार को कम करने में मदद करने के लिए मार्च ब्रेक में देरी की है। ब्रेक अब **12 से 16 अप्रैल, 2021** तक है। पूरे मार्च में नियमित क्लासें जारी रहेंगी।

छात्रों और माता-पिता/देखभाल करने वालों के लिए नवागंतुक समर्थन

स्कूलों में सेटलमेंट वर्कर स्कूलों के सेटलमेंट और रिसेप्शन सेंटरों में कैनेडा में नए आए परिवारों और सेकेंडरी स्कूल छात्रों को सेटलमेंट सेवाएं पेश करते हैं। सेटलमेंट कार्यकर्ता व्यक्तिगत/पारिवारिक सेवाओं या समूह कार्यक्रमों को डिलिवर करते हैं जो प्रतिभागियों को शिक्षा प्रणाली को समझने और उसमें सफलतापूर्वक ट्रांज़िशन करने और सेटलमेंट प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करते हैं। अधिक जानकारी: www.tdsb.on.ca/New-to-Canada/Settlement-Workers

ब्राइटस्पेस (Brightspace) संक्षिप्त विवरण और तकनीकी सहायता

वर्चुअल स्कूल और ब्राइटस्पेस संक्षिप्त विवरण: www.youtube.com/watch?v=MSw4IJSPvi4

वर्चुअल लर्निंग आईटी सपोर्ट: www.tdsb.on.ca/In-Person-Learning/Student-Virtual-Learning-IT-Support

वीएस आचार संहिता

कृपया TDSB वर्चुअल स्कूल आचार संहिता (Code of Conduct) की समीक्षा करें, जो स्कूलों/शिक्षकों, छात्रों और माता-पिता/अभिभावकों के लिए

दिशानिर्देश और अपेक्षाएं प्रदान करता है।

TDSB अफ्रीकी विरासत माह मनाता है

फरवरी के दौरान, TDSB अफ्रीकी विरासत माह को मानता देने और उसे मनाने में गर्व महसूस करता है। यह कैनेडा और दुनिया के लिए अफ्रीकी मूल के लोगों की कई उपलब्धियों और योगदानों का जश्न मनाने का अवसर है। 2020-2021 के लिए चुना गया विषय ***कुजीचागुलिया*** है: ***आत्म निर्धारण (Kujichagulia: Self Determination) /*** अधिक जानें।

TDSB चीनी विरासत माह मनाता है

फरवरी में चीनी विरासत माह (CHM) को मान्यता देते हुए TDSB को गर्व है। यह वर्ष ***बैल का वर्ष है*** (Year of the Ox): ***वफादार, ईमानदार, जिम्मेदार, मेहनती और तर्कशील***। ल्यूनर नव वर्ष को वसंत त्योहार के रूप में भी जाना जाता है और ल्यूनर कैलेंडर के पहले चंद्रमा से शुरू होता है और 15 दिन बाद ल्नर कैलेंडर की पहली पूर्णिमा पर समाप्त होता है। अधिक जानें।

सामुदायिक सहायता HUB

सूचना, संसाधनों और पूरे टोरौंटो में कम्युनिटी सपोर्ट वर्कर (CSW) टीम द्वारा किए जा रहे रोमांचक काम तक पहुँच प्राप्त करें।

CSWs से लाइव से जुड़ने के लिए परिवारों को सुबह 9 से 11 बजे 'ड्रॉप-इन मंगलवार' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।अधिक जानें और tdsbHUB.caपर जाएं।

स्पेशल एजुकेशन अपडेट

अपडेट की गई व्यक्तिगत शिक्षा योजनाएं (आईईपी) (Individual Education Plans (IEP)) फरवरी की शुरुआत में इलेक्ट्रॉनिक रूप से घर भेजी गईं। कोई भी प्रश्नों के लिए कृपया अपने बच्चे के टीचर से या यदि आपको IEP नहीं मिली है तो प्रिंसिपल से संपर्क करें।

अगली स्पैशल एजुकेशन एडवाइज़री कमेटी की मीटिंग में 1 मार्च, 2021 को शाम 7 बजे शामिल हों। अधिक जानें।

वर्चुअल लाइब्रेरी संसाधन

क्या आप जानते हैं कि छात्र घर से पढ़ते हुए TDSB द्वारा प्रदान की गई ई-बुक्स, विश्वकोश, वीडियो और अन्य जानकारी तक पहुँच सकते हैं?

TDSB **वर्चुअल लाइब्रेरी** ने छात्र लर्निंग के समर्थन के लिए डिजिटल संसाधनों का सावधानीपूर्वक चयन किया है, जिसे कभी भी, कहीं भी ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है।

वर्चुअल लाइब्रेरी छात्रों को इन्हें खोजने में मदद करती है:

- प्रोजैक्टों में मदद के लिए, होमवर्क में मदद करने के लिए, और **K से 12 शिक्षार्थियों** के लिए विभिन्न स्वरूपों में पढ़ने और देखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए **पाठ्यक्रम के अनुरूप ऑनलाइन संसाधन/उपकरण** - ई-बुक्स, डेटाबेस लेख, स्ट्रीम किया मीडिया और ऑनलाइन टूल (रीड वॉच लर्न एंड फाइंड देखें)।
- रीसर्च, गणित अभ्यास, गेमों, होमवर्क के साथ **मदद के लिए विषय लिंक** (फाइंड (Find) देखें)
- एक **पूछताछ** या **रीसर्च प्रोजैक्ट** शुरू करने के लिए संसाधन (इंक्वायरी और फाइंड (Inquiry and Find) देखें)
- पढ़ने के लिए सुझाव और **छात्र पुस्तक समीक्षाएं** (रीड एंड जस्ट रीड (Read and Just Read It) देखें)

www.tdsb.on.ca/library पर या अपने स्कूल के वेबपेज पर या अपने छात्र के ब्राइटस्पेस क्लासरूम के माध्यम से वर्चुअल लाइब्रेरी देखें।

छात्रों के साथ घर पर वर्चुअल लाइब्रेरी का उपयोग कैसे करना है इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, बाईं टूलबार पर **पैरेंट** बटन देखें।

घर से वर्चुअल लाइब्रेरी के कई संसाधनों तक पहुँचने के लिए कृपया **वर्चुअल लाइब्रेरी पासवर्ड सूचना पेज** के लिए अपने बच्चे के टीचर से पूछें।

फरवरी किंडरगार्टन रजिस्ट्रेशन महीना है

अधिक जानकारी के लिए और रजिस्ट्रेशन विकल्पों के बारे में जानने के लिए: www.tdsb.on.ca/kindergarten

वर्चुअल फील्ड ट्रिपस और स्पेशल असेंबलियां

हाल ही में, ग्रेड 3 और 6 के कई टीचरों ने पेशेवर लर्निंग के अवसरों की एक श्रृंखला में भाग लिया है। छात्रों ने सिन्क्रोनस इंटरएक्टिव वर्चुअल असेंबलियों और फील्ड ट्रिप्स में भी भाग लिया। इन रोमांचक हफ्तों के दौरान, इस कार्यक्रम से 3,000 से अधिक छात्रों और 160 शिक्षकों ने लाभ उठाया।



ग्रेड 3 वर्चुअल असेंबलियों में इन चुनौतीपूर्ण समयों के दौरान शारीरिक रूप से सक्रिय होने के महत्व को जानने के लिए रचनात्मक कला सत्र और बुनियादी गतिविधि सत्र शामिल थे।

ग्रेड 6 के वर्चुअल ट्रिप्स में जैवविविधता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ स्कारब्रो आउटडोर एजुकेशन स्कूल के आउटडोर ट्रिप्स शामिल थे।

छात्र लर्निंग में सक्रियता से लगे हैं, जबकि टीचर सीखने और नए कौशल प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे से जुड़े।

वर्चुअल स्कूल स्टाफ डायरैक्टरियाँ

नीचे आसान संदर्भ के लिए वर्चुअल स्कूल प्रशासनिक टीम निर्देशिकाएं डायरेक्ट्रीऐं हैं। प्रत्येक लर्निंग सेंटर में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल ग्रेड द्वारा नामित किए गए हैं।

लर्निंग सेंटर 1 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
लर्निंग सेंटर 2 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
लर्निंग सेंटर 3 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल
लर्निंग सेंटर 4 वर्चुअल एलिमेंटरी स्कूल

जारी प्रोफेशनल लर्निंग

टीचर छात्रों को व्यस्त करने और साक्षरता और गणित में गहरी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों और उपकरणों का उपयोग करने के अपने ज्ञान और अभ्यास को गहरा करने के लिए पेशेवर लर्निंग में शामिल होना जारी है।

जबकि टीचर अपनी ग्रेड टीमों में सीखते रहे हैं, छात्रों ने कुछ अविश्वसनीय सामुदायिक भागीदारों के साथ वर्चुअल फील्डट्रिप्स में भाग लिया, जिनमें शामिल हैं: टोरौंटो पब्लिक लाइब्रेरी, टोरौंटो आउटडोर एजुकेशन सैंटर और लेट्स टॉक साइंस (Let's Talk Science)। वर्चुअल स्टोरी टाइम्स, कैम्प फायर सिंग-अलॉन्गज़, और एसटीईएम (STEM) डिज़ाइन चुनौतियाँ, नियमित वर्चुअल क्लासरूम से बाहर निकलने और नए स्थान तलाशने के मज़ेदार तरीके थे।

फरवरी के दौरान व्यावसायिक शिक्षा के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- पढ़ने की रणनीतियाँ और निर्देशित पढ़ना
- स्पेशल एजुकेशन: वर्चुअल वातावरण में छात्रों का समर्थन करना
- और IEP लेखन और कार्यान्वयन
- लर्निंग के लिए यूनिवर्सल डिज़ाइन
- सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी और चिंतनशील शिक्षणशास्त्र

- और बहुत सारे!

ख़बरों में वर्चुअल स्कूल

TDSB एलिमेंट्री वर्चुअल स्कूल के बारे में कुछ रोमांचक कहानियाँ देखें:

- TDSB छात्र घर से एक ऑनलाइन समाचार पत्र बनाते हैं (ग्लोबल न्यूज़)